# 106455 - वह बीमार है और उसे निरंतर दवा की ज़रूरत है

### प्रश्न

एक आदमी है जो दिल की बीमारी से पीड़ित है और उसे निरंतरता के साथ दवाई की ज़रूरत है। अर्थात् हर आठ घंटे या छह घंटे में। तो क्या उससे रोज़े की अनिवार्यता समाप्त हो जाएगी?

### विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

“हाँ, उससे रोज़े की अनिवार्यता समाप्त हो जाएगी, और वह हर दिन के बदले एक ग़रीब व्यक्ति को खाना खिलाएगा। यदि वह चाहे तो प्रत्येक ग़रीब व्यक्ति को एक चौथाई ‘साअ’ चावल दे सकता है, और यदि वह उसके साथ कुछ मांस भी शामिल कर दे, तो यह बेहतर है। और अगर वह चाहे, तो उन्हें रमज़ान की आखिरी रात में खाना खिला दे, या रमज़ान के बाद किसी दूसरे दिन उन्हें दोपहर का भोजन करा सकता है। यह सब जायज़ है।” उद्धरण समाप्त हुआ।

“मजमूओ फतावा इब्ने उसैमीन”, फतावा अस-सियाम (126)।